# न्यायालय जिला कलक्टर, नागौर

## बइजलास–श्री अरूण कुमार पुरोहित,आई.ए.एस

1– पंचायत निगरानी संख्या –106 / 2024
जी.सी.एम.एस. पोर्टल नम्बर – 2024 / 114

| प्रार्थी | बनाम | अप्रार्थी |
|---|---|---|
| राजस्थान सरकार जरिये सरपंच, ग्राम पंचायत रियांबड़ी, पंचायत समिति, रियांबड़ी, तहसील रियां बडी, जिला नागौर(राजस्थान) | | हापुराम पुत्र खींयाराम जाति माली निवासी रियांबडी तहसील रियांबडी, जिला नागौर |

एवम्

2–पंचायत निगरानी संख्या –175 / 2023
जी.सी.एम.एस. पोर्टल नम्बर – 2023 / 202

| प्रार्थी | बनाम | अप्रार्थी |
|---|---|---|
| कमल पालड़िया पुत्र बिरदीचन्द जाति–माली निवासी–रियांबड़ी | | 1–ग्राम पंचायत रियांबड़ी जरिऐ ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत,रियांबड़ी<br>2–सरपंच,ग्राम पंचायत रियांबड़ी<br>3–हापुराम पुत्र खींयाराम जाति माली निवासी रियांबडी तहसील रियांबडी, जिला नागौर |

**उपस्थितिः–**

**प्रार्थी एवं अप्रार्थी संख्या 1 व 2 की ओर से राजपैरोकार ।**

उपरोक्त दोनों प्रकरणों में प्रश्नगत सम्पति एक समान होने से निगरानी संख्या 175 / 2023 के अभिभाषक एवं प्रार्थी उपस्थित नहीं होने से तथा प्रकरण में राजकीय हित प्रभावित होने से इनकी ओर से राजकीय पैरोकार को सुना जाकर इन दोनों निगरानीयों का निर्णय एक साथ इस निर्णय से किया जाता हैं तथा निर्णय की प्रति दोनों पत्रावलीयों के संलग्न रख जायेगी।

निर्णय

दिनांक 27.11.2024

1. एक निगरानी अधीन धारा 97 राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 के, विरूद्ध पटटा नम्बर 83 मिसल संख्या 222 / 2021–22 में दिनांक 17.07.2022 को ग्राम पंचायत,रियांबडी द्वारा अप्रार्थी हापूराम के पक्ष में पट्टा जारी किया गया, उस पट्टे को निरस्त कराने हेतु दिनांक 15.09.2023 को निगरानी संख्या 175 / 2023 प्रस्तुत की गई है।

न्यायालय जिला ... नागौर (राजस्थान)

कलक्टर नागौर

